भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100 ONE HUNDRED RUPEES

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

GA 957987

13 DEC 2022

NOTARY R.C. VERMA

विक्रय मूल्य : रु० 1,00,00,000/-
बयाना : रु० 5,00,000/-
स्टाम्प शुल्क : रु० 100/-

## विक्रय अनुबन्ध-पत्र

राकेश चन्द्र श्रीवास्तव पुत्र श्री नन्द लाल श्रीवास्तव (अवकाश प्राप्त जिला जज) निवासी-29-बी, लेन नंबर-2, मयूर विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून। (उत्तराखण्ड) हाल पता-म०नं०-101, अश्लेषा बी, सेक्टर-7, गोमती नगर एक्सटेन्शन, लखनऊ।

...............विक्रेता/प्रथम पक्ष

एवं

चन्द्रगुप्त पुत्र स्व० विश्वनाथ गुप्त निवासी-एस०/एस०-14, राप्तीनगर प्रथम चरण, गोरखपुर। (उ०प्र०)

.................क्रेता/द्वितीय पक्ष

SIGNATURE ATTESTED

R.C. VERMA
Adv. & NOTARY
Collectorate Court
Lucknow U.P. INDIA
Regd No 31/64/2000

Rakesh

क्रमांक संख्या......583......दिनांक......30/8/23
स्टाम्प क्रय करने का प्रायोजन......
क्रेता का नाम व पूरा पता...... राकेश चन्द्र श्रीवास्तव पुत्र नन्द लाल श्री. लखनऊ
स्टाम्प की धनराशि......100/-......

रंजना गुप्ता स्टाम्प विक्रेता
लाइसेन्स नं.-436

एल.डी.ए. मार्केट, विवेक खण्ड-2
गोमती नगर, लखनऊ

यह कि विक्रेता/प्रथम पक्ष एक किता भवन/भूखण्ड संख्या-बी-119, खसरा संख्या-468, क्षेत्रफल 1580 वर्ग फुट यानी 146.840 वर्ग मीटर, स्थित **"फ्रेण्ड्स कालोनी"** राजस्व ग्राम-हरिहरपुर, परगना-बिजनौर, तहसील-सरोजनी नगर, जिला-लखनऊ (निर्माण का क्षेत्रफल – 125.464 वर्ग मीटर) का स्वामी व कब्जाधारी है। उक्त भवन/भूखण्ड समस्त प्रकार के बन्धक, गिरवी, जमानत अथवा भार से पूर्णतया मुक्त है, जिसे विक्रय करने का मुझ विक्रेता/प्रथम पक्ष को पूर्ण अधिकार है। अपनी व्यक्तिगत आवश्यकता के कारण भवन/भूखण्ड संख्या-बी-119, खसरा संख्या-468, क्षेत्रफल 1580 वर्ग फुट यानी 146.840 वर्ग मीटर, स्थित "फ्रेण्ड्स कालोनी" राजस्व ग्राम-हरिहरपुर, परगना-बिजनौर, तहसील-सरोजनी नगर, जिला-लखनऊ को स्वस्थ चित्त व मस्तिष्क से खूब सोच समझकर बिना किसी जोर दबाव के प्रतिफल रुपये मु०-1,00,00,000/-(एक करोड़) रुपये मात्र के बदले क्रेता/द्वितीय पक्ष चन्द्रगुप्त पुत्र स्व० विश्वनाथ गुप्त, निवासी-एस०/एस०-14, राप्तीनगर प्रथम चरण, गोरखपुर को विक्रय करने पर विक्रेता/प्रथम पक्ष सहमत है। हम उभय पक्ष निम्नलिखित शर्तों को स्वीकार करते हैं :-

**1.** यह कि तयशुदा कुल कीमत मु०-1,00,00,000/-(एक करोड़) रुपये मात्र में से मु०-5,00,000/-(पाँच लाख) रुपये मात्र बतौर बयाना नीचे दिये गये विवरण के अनुसार क्रेता/द्वितीय पक्ष उपरोक्त से विक्रेता/प्रथम पक्ष उपरोक्त ने वसूल पाये हैं, जिसकी प्राप्ति विक्रेता/प्रथम पक्ष को स्वीकार है।

**2.** यह कि क्रेता/द्वितीय पक्ष चन्द्रगुप्त वर्तमान में अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, कानपुर नगर के पद पर कार्यरत है, इसलिए माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा विक्रेता/प्रथम पक्ष से उक्त भवन/भूखण्ड संख्या-बी-119, खसरा संख्या-468, क्षेत्रफल 1580 वर्ग फुट यानी 146.840 वर्ग मीटर, स्थित "फ्रेण्ड्स कालोनी" राजस्व ग्राम-हरिहरपुर, परगना-बिजनौर, तहसील-सरोजनी नगर, जिला-लखनऊ को क्रय करने की क्रेता/द्वितीय पक्ष चन्द्रगुप्त को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से अनुमति मिलते ही शेष धनराशि मु०-95,00,000/-(पंचानवे लाख) रुपए मात्र क्रेता/द्वितीय पक्ष उपरोक्त विक्रेता/प्रथम पक्ष को अदा कर उक्त भवन/भूखण्ड का विक्रय-विलेख विक्रेता/प्रथम पक्ष से निष्पादित करा लेगा। विक्रेता/प्रथम पक्ष इसमें किसी प्रकार का कोई अवरोध कारित नहीं करेगा।

NOTARY R.C. VERMA GOVT. OF UTTAR PRADESH

SIGNATURE ATTESTED
R.C. VERMA
Collectorate Compound
Lucknow U.P. INDIA
Regd. No. 31/64/2000

Rakesh

3. यह कि उक्त भवन /भूखण्ड संख्या–बी–119, खसरा संख्या–468, क्षेत्रफल 1580 वर्ग फुट यानी 146.840 वर्ग मीटर, स्थित "फ्रेण्ड्स कालोनी" राजस्व ग्राम–हरिहरपुर, परगना–बिजनौर, तहसील–सरोजनी नगर, जिला–लखनऊ समस्त प्रकार के बन्धक, गिरवी, जमानत अथवा भार आदि से पूर्णतया मुक्त है। यदि इस पर किसी प्रकार का बन्धक, गिरवी, जमानत अथवा भार आदि पाया जाता है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विक्रेता/प्रथम पक्ष की होगी तथा क्रेता/द्वितीय पक्ष को यह हक व अधिकार होगा कि वह अपना सम्पूर्ण प्रतिफल, स्टाम्प फीस आदि मुझ विक्रेता/प्रथम पक्ष से वसूल कर लेवे।

4. यह कि इस विक्रय अनुबन्ध–पत्र से आच्छादित भवन/भूखण्ड संख्या–बी–119, खसरा संख्या–468, क्षेत्रफल 1580 वर्ग फुट यानी 146.840 वर्ग मीटर, स्थित **"फ्रेण्ड्स कालोनी"** राजस्व ग्राम–हरिहरपुर, परगना–बिजनौर, तहसील–सरोजनी नगर, जिला–लखनऊ का कब्जा क्रेता/द्वितीय पक्ष को रजिस्ट्री के समय दिया जायेगा।

5. यह कि रजिस्ट्री बैनामा का खर्च स्टाम्प , रजिस्ट्रेशन फीस आदि जिम्मे क्रेता/द्वितीय पक्ष के है।

6. यह कि इस विक्रय अनुबन्ध–पत्र की शर्तों के पाबन्द विक्रेता व क्रेता तथा हम उभय पक्ष के वारिसान भी होंगे।

NOTARY
R.C. VERMA
Adv. & NOTARY
Lucknow U.P. India
Regd. 31/64/2000
GOVT. OF UTTAR PRADESH

**विवरण बयाना प्राप्ति**

कुल बयाना धनराशि मु०–5,00,000/–(पाँच लाख रुपए) मात्र क्रेता/द्वितीय पक्ष ने जरिये चेक संख्या–658380 दिनांकित 30.08.2023 भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, कानपुर नगर द्वारा विक्रेता/प्रथम पक्ष के खाता संख्या–11316501113 भारतीय स्टेट बैंक, शाखा–अर्जुनगंज, लखनऊ में अन्तरित किया, जिसकी प्राप्ति विक्रेता/प्रथम पक्ष को स्वीकार है।

SIGNATURE ATTESTED
R.C. VERMA
Adv. & NOTARY
Collectorate Court
Lucknow U.P. INDIA
Regd No 31/64/2000

Rakesh

## विवरण अनुबन्धित सम्पत्ति

एक किता भवन/भूखण्ड संख्या–बी–119, खसरा संख्या–468, क्षेत्रफल 1580 वर्ग फुट यानी 146.840 वर्ग मीटर, स्थित **"फ्रेण्ड्स कालोनी"** राजस्व ग्राम–हरिहरपुर, परगना–बिजनौर, तहसील–सरोजनी नगर, जिला–लखनऊ, (निर्माण का क्षेत्रफल – 125.464 वर्ग मीटर) जिसकी चौहद्दी निम्नवत है :–

पूरब – सड़क 30 फुट चौड़ी

पश्चिम – भूखण्ड संख्या–बी–130

उत्तर – भवन/भूखण्ड संख्या–बी–120

दक्षिण – भवन/भूखण्ड संख्या–बी–118

अतः यह विक्रय अनुबन्ध–पत्र विक्रेता /प्रथम पक्ष ने खूब सोच –समझकर, बिना किसी जोर दबाव नाजायज के, स्वस्थ चित्त मन से, पढ़कर सुन लिया और अपना निशानी अंगूठा/हस्ताक्षर बनाकर क्रेता/द्वितीय पक्ष के पक्ष में लिख दिया ताकि सनद रहे और वक्त जरूरत पर काम आवे।

स्थान–लखनऊ।

दिनांक –02/09/2023

**गवाहान**

1. Dileep Srivastava
6/0/2227(A) Bani enclave
Keshav Nagar Lucknow.

2. Rupesh Kr. Mishra
Niraj Vihar Lko.

Rakesh

विक्रेता/प्रथम पक्ष

(राकेश चन्द्र श्रीवास्तव)

क्रेता/द्वितीय पक्ष

( चन्द्रगुप्त )

NOTARY
R.C. VERMA
Adv. & NOTARY
Lucknow U.P. India
Regd. 31/64/2000
GOVT. OF UTTAR PRADESH

SIGNATURE ATTESTED

R.C. VERMA
Adv. & NOTARY
Collectorate Court
Lucknow U.P. INDIA
Regd. No. 31/64/2000